# आकाशवाणी शिमला

## 04.05.2025/प्रादेशिक समाचार/11.00 बजे

### मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू आज दोपहर बाद दिल्ली से शिमला लौट रहे हैं। मुख्यमंत्री दोपहर बाद शिमला के कंगनाधार में हिमुडा पार्किंग फेज–3 का उद्‌घाटन करेंगे।

### वक्फ बोर्ड

भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा वक्फ संशोधन अधिनियम के अंतर्गत पार्टी कार्यालय बिलासपुर में आज प्रदेश कार्यशाला आयोजित की जा रही है। इस कार्यशाला में अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दकी, हिमाचल प्रदेश के अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रभारी डॉ. असलम, राज्यसभा सांसद व भाजपा के प्रदेश महामंत्री डॉ. सिकंदर कुमार, बिलासपुर के विधायक त्रिलोक जम्वाल, प्रदेश वक्फ संशोधन अधिनियम समिति के सदस्य व विधायक दलीप ठाकुर, अंशुल बंसल सहित अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य तथा जिलाध्यक्ष व जिला महामंत्री भाग लेंगे। कार्यशाला में केन्द्र सरकार द्वारा वक्फ अधिनियम में किए गए संशोधनों को लेकर विस्तृत जानकारी दी जाएगी ।

### धर्मशाला मैच

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में आज होने वाले आईपीएल मैच में पंजाब किंग्स का मुकाबला लखनऊ सुपर जायंट्स के साथ होगा। ये मैच भारतीय समयानुसार शाम साढ़े सात बजे शुरू होगा। इससे पहले लखनऊ सुपरजायंटस की टीम ने कल शाम के सत्र में अभ्यास किया और पिच की जानकारी ली।

### एनटीए– नीट–यूजी

राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी आज देश भर में पांच हजार से अधिक केंद्रों और विदेश में 13 शहरों में राष्ट्रीय पात्रता–सह–प्रवेश परीक्षा– नीट यूजी 2025 आयोजित करेगी। एजेंसी ने एक बयान में कहा कि सुरक्षित और संरक्षित परीक्षा आयोजित करने के लिए सभी तैयारियां और व्यवस्थाएं कर ली गई हैं। परीक्षा के लिए 22 लाख सत्तर हजार से अधिक उम्मीदवारों ने पंजीकरण कराया है। परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक होगी।

### मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज हल्के बादल छाए हुए हैं। उधर कुल्लू तथा चंबा जिलें में आज सुबह बारिश का समाचार है। जनजातीय जिला लाहौल–स्पीति की चोटियों और धौलाधार पहाड़ियों पर भी कल हिमपात हुआ जबकि किन्नौर जिला में मौसम साफ बना हुआ है। शिमला के कुफरी, फागू और ठियाग में भारी ओलावृष्टि से सेब, मटर और फुलगोभी की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है।

### सड़क–खराब

पठानकोट–चम्बा–भरमौर राष्ट्रीय उच्च मार्ग की बालू से चम्बा जिला मुख्यालय व करियां तक हालत ख़राब होने की वजह से वाहन चालकों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। इस एन. एच. पर जगह–जगह गड्डे पड़े हैं जिससे वाहनों को काफी नुकसान हो रहा है और हर समय दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। वाहन चालकों व स्थानीय लोगों ने सरकार से  एन.एच. को जल्द दुरुस्त करने की मांग की है।